डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन की तैयारियां पूरी

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद
गांवों में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक जिले के एक ही गांव में इस योजना को शुरू किया गया था। अब जल्द ही जिले के दूसरे गांव भैंसरावली में भी इस प्रक्रिया को शुरू करने की तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। योजना को शुरू करने के लिए गांव में गार्बेज कलेक्शन पॉइंट तैयार कर लिया गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह से गांव में इस सेवा को जिला प्रशासन शुरू कर देगा।

निर्मल भारत अभियान के तहत गांवों में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन की सेवा शुरू करने की तैयारियां की जा रही हैं। अभी तक गांव सुनपेड़ में इस सेवा को शुरू किया गया है। अब गांव भैंसरावली में भी इस सेवा को शुरू करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गांव में इस योजना को शुरू करने के लिए प्रत्येक घर से 30 रुपये महीना चार्ज किया जाएगा। इस योजना के तहत एक रेहड़ी गांव में घर - घर जाएगी और कूड़ा कलेक्ट करेगी। कूड़ा डालने के

भैंसरावली में अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा गार्बेज कलेक्शन का काम

लिए रेहड़ी में अलग - अलग बॉक्स रखे जाएंगे, ठोस कचरे के लिए अलग और तरल कचरे के लिए अलग बॉक्स होंगे। कलेक्शन पॉइंट पर भी कूड़े को अलग - अलग व्यवस्थित किया जाएगा। सभी प्रकार का कचरा अलग - अलग रखा जाएगा। जब कचरा अधिक हो जाएगा तो उसे बेच कर इस सेवा को बेहतर बनाने पर खर्च किया जाएगा। निर्मल भारत अभियान के जिला सलाहकार उपेंद्र सिंह ने बताया कि गांव भैंसरावली में डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन सेवा शुरू करने के लिए कलेक्शन पॉइंट तैयार कर लिया गया है। अगले सप्ताह यहां पर इस सेवा को शुरू करा दिया जाएगा। एडीसी गरीमा मित्तल का कहना है कि गांवों में डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन को शुरू करने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा पूरा प्रयास है कि जिले के अधिक से अधिक गांवों में इस योजना को शुरू किया जा सके।

वर्ष 07, संख्या 118
©सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना सम्पूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित।
स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए, [illegible] द्वारा टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित तथा टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र, साहिबाबाद से मुद्रित। फोन - 43505418, 43505373 फैक्स - 43505348, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई- 400001। आर.एन.आई.नं. DEL-HIN/2008/24012 सम्पादक* - [illegible] (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)